न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ, जिला–भीलवाड़ा

पीठासीन अधिकारी नेहा छीपा (आर.ए.एस)

प्रकरण संख्या 134 / 2024

उनवान

1. श्री सानसि फेब्रिक्स प्राइवेट लि० शास्त्रीनगर भीलवाडा तह० व जिला भीलवाडा (राज.)

——प्रार्थीगण

बनाम

1. श्री उदा पिता गोकल जाति अहीर नि० तख्तपुरा तह० हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
2. श्रीमति धापु पत्नि किशन जाति अहीर नि० तख्तपुरा तह० हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
3. श्री मांगू पिता लोबा जाति अहीर नि० तख्तपुरा तह० हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
4. श्री उदयलाल पिता रूपा जाति अहीर नि० तख्तपुरा तह० हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
5. श्रीमति तारा पत्नि स्व० पेमा जाति अहीर नि० तख्तपुरा तह० हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
6. श्री लाल पिता रूपा जाति अहीर नि० तख्तपुरा तह० हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
7. श्री अब्दुल रहमान पिता अब्दुल वहीद जाति मुसलमान रेलवे फुट सीरत सराय के पास भीलवाडा(राज.)
8. अब्दुल रहीम पिता अब्दुल वहीद जाति मुसलमान रेलवे फुट सीरत सराय के पास भीलवाडा (राज.)
9. श्री कृष्णा देवी पत्नि ओमप्रकाश जाति स्वर्णकार नि० तख्तपुरा तह० हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
10. मेहसीन अली पति अब्दुल वहीद जाति मुसलमान रेलवे फुट सीरत सराय के पास भीलवाडा(राज.)
11. स्मीर अहमद पिता अब्दुल सलाम जाति मुसलमान रेलवे फुट सीरत सराय के पास भीलवाडा(राज.)
12. श्रीमती अणछी पिता नारू जाति अहीर नि० तख्तपुरा तह० हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
13. श्री नानालाल पिता रामचन्द्र जाति अहीर नि० तख्तपुरा तह० हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
14. श्री भगवान पिता किशाना जाति अहीर नि० तख्तपुरा तह० हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
15. श्रीमति रूकमा पिता लोबा जाति अहीर नि० तख्तपुरा तह० हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
16. अर्जुनलाल पिता भेरूलाल जाट नि० लक्ष्मीपुरा तह० हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
17. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार हमीरगढ जिला भीलवाडा।(राज.)

———अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956

निर्णय दिनांक 03–04–2025

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भॅू–राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस कार्यालय में दिनांक 06.08.2024 को प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम **तख्तपुरा पटवार हल्का तख्तपुरा भू अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र हमीरगढ तहसील हमीरगढ़ जिला भीलवाड़ा (राज०) के खाता 645 संख्या की आराजी नम्बर 1981/1791 रकबा 0.1395 हैक्टयर, आराजी नम्बर 37 रकबा 0.6449 हैक्टयर, आराजी नम्बर 38 रकबा 0.8852 हैक्टयर, आराजी नम्बर 39 रकबा 0.3414 हैक्टयर, आराजी नम्बर 40 रकबा 0.1391 हैक्टयर, आराजी नम्बर 41 रकबा 0.1012 हैक्टयर, आराजी नम्बर 42 रकबा 0.2908 हैक्टयर, आराजी नम्बर 43 रकबा 0.3161 हैक्टयर, आराजी नम्बर 67 रकबा 0.2403 हैक्टयर, आराजी नम्बर 68 रकबा 0.3035 हैक्टयर, कुल किता 10 कुल रकबा 3.4020है0, भूमि स्थित है।** वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पडौसी है प्रार्थी एवं विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहा है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक **30.08.2024** को पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित । विपक्षी संख्या **01 लगायत 16** बावजूद विधिवत प्रकियानुसार सुनवाई का अवसर देने के उपरान्त उपस्थित नही है। अतः न्यायहित में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया। प्रस्तुत बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली में उपलब्ध रेकार्ड का ध्यापपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य है कि प्रार्थी स्वंय के खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने का कोई अंदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार अधिकार/स्वत्व निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ (राज.)

ACE Scanner

—::आदेश::—

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार हमीरगढ को आदेश दिये जाते है कि **तख्तपुरा पटवार हल्का तख्तपुरा भू अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र हमीरगढ तहसील हमीरगढ़ जिला भीलवाड़ा (राज०) के खाता 645 की आराजी नम्बर 1981/1791 रकबा 0.1395 हैक्टयर, आराजी नम्बर 37 रकबा 0.6449 हैक्टयर, आराजी नम्बर 38 रकबा 0.8852 हैक्टयर, आराजी नम्बर 39 रकबा 0.3414 हैक्टयर, आराजी नम्बर 40 रकबा 0.1391 हैक्टयर, आराजी नम्बर 41 रकबा 0.1012 हैक्टयर, आराजी नम्बर 42 रकबा 0.2908 हैक्टयर, आराजी नम्बर 43 रकबा 0.3161 हैक्टयर, आराजी नम्बर 67 रकबा 0.2403 हैक्टयर, आराजी नम्बर 68 रकबा 0.3035 हैक्टयर, कुल किता 10 कुल रकबा 3.4020है0, भूमि स्थित है।** जिसकी पत्थरगढी राजस्थान लैण्ड रेकार्ड नियम 1956 के प्रावधानो में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जावे तथा नियमानुसार निर्धारित शुल्क 1400/—पक्षकार प्रार्थी राजकोष में जमा कराये, साथ ही कमिश्नर फीस 500/—रू0 की नियमानुसार अदायगी प्रार्थी पक्षकार निर्धारित कमिश्नर को भुगतान करें।

आदेश आज दिनांक 03.04.2025 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखा गया। प्रकरण फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर रहे।

(नेहा छीपा)
उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ